दिनांक : 28.06.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंदजी महाराज शताब्दी समारोह का करेंगे शुभारंभ।
- ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत अब तक चार हजार 415 भारतीय नागरिकों को स्वेदश लाया गया।
- रतलाम में रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव में आए उद्यमियों ने प्रदेश सरकार की नीतियों को सराहा।
- प्रदेश में बारिश का दौर जारी। अगले पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना।

प्रधानमंत्री-आचार्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में आचार्य विद्यानंद जी महाराज शताब्दी समारोह का शुभारंभ करेंगे। वे इस अवसर पर लोगों को संबोधित भी करेंगे। यह कार्यक्रम भगवान महावीर अहिंसा भारती ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। आचार्य विद्यानंद जैन समुदाय के एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता और समाज सुधारक थे। उनकी 100वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह एक वर्ष तक चलेगा। इस दौरान देश भर में सांस्कृतिक, साहित्यिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। आचार्य विद्यानंद जी महाराज ने जैन दर्शन और नैतिकता पर 50 से अधिक रचनाएँ लिखी हैं। उन्होंने प्राकृत, जैन दर्शन और शास्त्रीय भाषाओं के लिए भी काम किया।

ऑपरेशन सिंधु

ऑपरेशन सिंधु के अंतर्गत अब तक चार हजार 415 भारतीय नागरिकों को स्वेदश लाया गया है। ईरान से तीन हजार पांच सौ 97 और इस्राइल से 818 लोगों को विशेष विमानों से स्वदेश लाया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि 14 ओसीआई कार्डधारक, 9 नेपाली नागरिक, 4 श्रीलंकाई नागरिक को भी ईरान से सुरक्षित निकाला गया है। भारतीय नागरिकों में एक हजार पांच सौ से अधिक महिलाएं और पाँच सौ बच्चे शामिल हैं।

अमित शाह-गुजरात दौरा

गृहमंत्री अमित शाह ने कल गुजरात के गांधीनगर में सूचना और पुस्तकालय नेटवर्क केंद्र का दौरा किया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह केंद्र पुस्तकालयों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़कर बेहतर बना रहा है। श्री शाह ने सस्तु साहित्य वर्धक कार्यालय ऐप की भी शुरूआत की। पुस्तक-प्रेमी इस ऐप से अपनी पसंदीदा किताबें प्राप्त कर पाएंगे।

मुख्यमं़त्री-भिंड दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भिण्ड जिले के विकासखण्ड मेहगांव के ग्राम दंदरौआ में आयोजित किसान एवं रोजगार सम्मेलन कार्यक्रम में जिले के 44.5 करोड़ रूपये से अधिक राशि के विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा 43.91 करोड़ रूपये लागत के 48 निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन किया जाएगा और 59 लाख रुपये लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

बिहार-निर्वाचन आयोग दल

निर्वाचन आयोग के एक दल ने कल बिहार में कई जिला मुख्यालयों पर अलग-अलग बैठक कर राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए जारी विशेष गहन समीक्षा पर चर्चा की। इस समीक्षा के लिए बूथ लेवल अधिकारी यानी बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया जाना है। वरिष्ठ उप-निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने बताया कि मतदाताओं ईसीआई-नेट ऐप के माध्यम से अपनी समस्या का समाधान पा सकेंगे और इस ऐप

में बीएलओ से बातचीत का विकल्प जोड़ा गया है। निर्वाचन आयोग के सलाहकार एन एन बुटोलिया ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल के साथ पटना और मगध प्रमंडल के पदाधिकारियों के साथ पटना में बैठक की।

कॉन्क्लेव-रतलाम-उद्यमी

औद्योगिक विकास, कौशल उन्नयन और रोजगार सृजन को समर्पित रीजनल इंडस्ट्री, स्किल एंड इम्प्लॉयमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन रतलाम में हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल इसका उद्घाटन किया। डॉ. यादव इस अवसर पर रीवा, सागर, अलीराजपुर और पीथमपुर में रोजगारमूलक औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन और लोकार्पण भी किया। कॉन्क्लेव में आए उद्यमियों ने प्रदेश सरकार की निवेश नीति और उद्योगों की स्थापना के लिए दी जा रही सुविधाओं की सराहना की।-

इंदौर-आंगनवाड़ी

इंदौर संभाग में आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के खाली पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिये 04 जुलाई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये हैं।

आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता हायर सेकण्ड्री (12वी उत्तीर्ण) अनिवार्य है। आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं आंगनवाडी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एके जनवरी 2025 की स्थिति में आयु 18 से 35 वर्ष होना अनिवार्य है। संभागायुक्त दीपक सिंह ने बताया कि आवेदन एम०पी० ऑनलाइन द्वारा तैयार चयन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किये जाएंगे। ऑफलाईन प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। अन्तिम तिथि तक प्राप्त आवेदन में संशोधन किये जाने की अन्तिम तिथि 07 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है।

मौसम

शहडोल, राजगढ़ और मऊगंज समेत प्रदेश के कई जिलों में पिछले चौबीस घंटों में बारिश का दौर जारी रहा। मौसम केंद्र के अनुसार, दो टर्फ के गुजरने की वजह से प्रदेश में

बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। इस वजह से कई जिलों में तेज बारिश हुई। मौसम केंद्र ने आज भोपाल समेत 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। रीवा, ग्वालियर और चंबल संभाग में सबसे ज्यादा बारिश होने की संभावना है। मौसम केंद्र ने ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, पन्ना, सतना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में भारी बारिश की चेतावनी दी है। यहां अगले 24 घंटे में तेज पानी बरस सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में बारिश का यलो अलर्ट है।

आकाशीय बिजली

मानसून के मौसम में आकाशीय बिजली का खतरा बना रहता हैं। दमोह, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने लोगों को ऐसे मौसम में आकाशीय बिजली से बचने की सलाह दी है।

समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना जिले के भ्रमण के दौरान जनसंपर्क कार्यालय में आम लोगों की समस्याओं को सुना और समस्याओं का निराकरण भी किया।
- रीवा शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के भौतिक शास्त्र विभाग द्वारा जेपी सुपर थर्मल पावर प्लांट, सिंगरौली के शैक्षणिक भ्रमण के दौरान रिपोर्ट लेखन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया है।
- पन्ना में हुई बैठक में कल जिला खनिज प्रतिष्ठान मद की राशि से विभिन्न विकास और निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृति एवं उपयोगिता के संबंध में चर्चा की हुई।
- इंदौर में आज पुष्य नक्षत्र के अवसर पर शहर के आयुर्वेदिक अस्पतालों में 6 माह से 12 साल तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन दवा पिलाई जाएगी।
- मंडला में मैंगो फेस्टिवल का आयोजन किया गया। कलेक्टर सोमेश मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट ने फेस्टिवल का शुभारंभ किया।
- मंडला में कल विश्व एमएसएमई दिवस के अवसर पर जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- वर्षा ऋतु के दौरान डिंडौरी जिले में बाढ़ आपदा नियंत्रण योजना तैयार की गई है। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी व्यापक सतर्कता बरतते हुए जिला प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।
- जबलपुर ईओडब्ल्यू ने जीएसटी में इनपुट टैक्स क्रेडिट का फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। करीब 34 करोड़ के फर्जीवाड़े के सबूत मिले हैं।
- कलेक्टर नेहा मीना के निर्देशन में झाबुआ जिले में 23 आधार केंद्र विकेंद्रीकृत रूप से संचालित किए जा रहे हैं।
- मिशन वात्सल्य (समेकित बाल संरक्षण योजना) की प्रगति एवं क्रियान्वयन निगरानी, मूल्यांकन हेतु आगरमालवा जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की कल बैठक हुई।
- नर्मदापुरम जिले के माखननगर में स्थित प्राचीन तालाब का कल जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जीर्णाद्धार किया गया।